# कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

दिनांक 16–01–2021

**बैठक कार्यवृत दिनांक 16–01–2021**

दिनांक 16–01–2021 को दोप0 1.00 बजे आयोजित बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही ;–

1– श्री विकास सोलंकी–प्र0उपायुक्त, नगरपालिक निगम–रतलाम,
2– श्री सुरेशचन्द्र व्यास–प्र0कार्यपालन यंत्री,
3– श्री जी.के. जायसवाल–प्र0कार्यपालन यंत्री,
4– श्री एम.के. जैन–प्र0सहायक यंत्री,
5– श्री अरविंद दशोत्तर–प्र0सहायक यंत्री,
6– श्री सत्य प्रकाश आचार्य, प्र0जलप्रदाय,
7– श्री ए0पी0 सिंह–प्र0स्वच्छता अधिकारी,
8– श्री जंसवन्त कुमार जोशी–प्र0सचिव,
9– श्री सुहास पंडित–उप यंत्री,
10– श्री मैयालाल चौधरी–उप यंत्री,
11– श्री राजेश पाटीदार–उप यंत्री,
12– श्री ब्रजेश कुशवाह– उप यंत्री,
13– श्री विकाससिंह मरकाम–उपयंत्री,
14– श्रीमती अनिता ठाकुर–उपयंत्री,
15– सुश्री दीक्षा निजामपुरकर–उपयंत्री,
16– श्री मनीष तिवारी–उपयंत्री,
17– श्री सिद्धार्थ सोनी–उपयंत्री,
18– श्री कपिल मारोठिया–सीएमएम, एनयुएलएम,
19– श्री नितिन तिवारी–सीएमएम, एनयुएलएम,
20– श्रीमती राजश्री गुमास्ते–सामुदायिक संगठिका,
21– श्रीमती रेखा राठौर, ,,
22– श्रीमती सीमा सुरोलिया ,,
23– डॉ. निर्मला रॉय, ,,
23– श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि0,
24– श्री सुनील कपुर–स0रा0नि0,
25– श्री हरीश मिश्रा–स0रा0नि0,
26– श्री अंजनीप्रसाद मिश्रा–स0रा0नि0,
27– श्री सतीश यादव–स0रा0नि0,
28– श्री राहुलसिंह राठौर, सदस्य IEC आस्था सहयोगी संस्था, (मोबा.नं0 9340230734)

व संस्था के अन्य सदस्य,

बैठक में मा0मुख्यमंत्रीजी–म0प्र0 शासन के आगामी दिनांक 27–01–2021 के प्रस्तावित रतलाम भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार कार्यवाही/कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया:–

1— मा0मुख्यमंत्रीजी–म0प्र0 शासन 27–01–2021 को बंजली स्थित हैलीपेड पर आकर पलसोड़ा ग्राम जायेंगे जहां पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण रखा गया है । इसके बाद मा0मुख्यमंत्रीजी का डोसीगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास का लोकार्पण व संबंधित हितग्राही के गृह प्रवेश का कार्यक्रम है । इस हेतु अधिक से अधिक हितग्राही कार्यक्रम में उपस्थित हो सके इस हेतु कार्य किया जाय ।

2— जो तय किया गया उसके अनुसार हेलीपेड से पलसोड़ा गांव तक व वहां से वापिस सैलाना रोड़ फोर लेन – पावर हाउस रोड़ होते हुए अम्बेडकर मांगलिक भवन तक मार्ग रहेगा । उक्त मार्ग की सड़क के दोनों तरफ कहीं भी गड्ढा नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाय।

3— बंजली हेलीपेड से पलसोड़ा तक व वहां से सैलाना रोड़ फोर लेन पावर हाउस रोड़ से अम्बेडकर मांगलिक भवन तक आज से ही कचरा कहीं भी नहीं दिखना चाहिए । इस रूट की प्रति दिन सफाई होगी, यह श्री ए.पी. सिंह सहायक स्वच्छता अधिकारी का दायित्व रहेगा।

4— बंजली–सेजावता से होकर डोसीगांव होकर वहां की विशेष सफाई व वहां से जावरा रोड़ होकर प्रताप नगर ओवरब्रिज होकर कलेक्टोरेट व कालिका माता के यहां मा0मुख्यमंत्रीजी का कार्यक्रम होगा व वहां से अम्बेडकर मांगलिक भवन यह रूट रहेगा। इस रूट पर कहीं भी दूर–दूर तक कचरा नहीं दिखना चाहिए यह श्री पर्वत हाड़े प्र0 स्वच्छता निरीक्षक सुनिश्चित करें।

5— सालाखेड़ी से जब हम शहर में आते हैं तो महू रोड़ फोर लेन के शहर तक आने वाले इस फोन लेन के करीब डेढ़ किलोमीटर के रोड़ के दोनों साईड व डिवाईडर के अन्दर कहीं भी कचरा नहीं होना चाहिए यह कार्य श्री किरण कुमार चौहान प्र0स्वच्छता निरीक्षक सुनिश्चित करेंगे।

6— सागोद रोड़ व करमदी रोड़ की भी सफाई का कार्य करवाने का दायित्व श्री किरण कुमार चौहान प्र0 स्वच्छता निरीक्षक का रहेगा ।

7— वैसे भी मार्च माह में ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2021'' होने वाला है तो इसलिए सबको अलर्ट रहना है । माह जनवरी निकल जाएगा व फरवरी माह में टीम आ जायेगी तो कन्टीन्युशन में काम किया जाय। प्र0स्वच्छता अधिकारी व प्र0स्वच्छता निरीक्षक ध्यान रखेंगे और जो लेबर लगना है वह लगा लें । इस कार्य में लापरवाही हुई, गंदगी या कचरा मिला तो सभी संबंधितों के विरूद्ध सख़्त कार्यवाही की जावेगी ।

8— ओडीएफ++ में रतलाम के आने पर सभी धन्यवाद के पात्र हैं। लेकिन 10 लाख से कम आबादी वाले शहर में रतलाम शहर को नं0 01 बनाने के लिए सबको पूरी ताकत लगाकर कार्य करना है । रतलाम के नं0 01 होने पर शहर का प्रदेश व देश में नाम होगा । साथ ही स्पाट फाईन का भी कार्य किया जाए ।

9— सिटीजन फीडबैक के कार्य में पूरी तत्परता से लग जावें व माह जनवरी–2021 के अन्तर्गत 100000 सिटीजनफीडबैक किये जाने का कार्य किया जाए । सहयोगी आईसीटी आस्था संस्था व सबको अपना–अपना काम करना है ।

10— मा0मुख्यमंत्रीजी के रूट में आने वाली शासकीय लोक निर्माण की सड़क के गड्ढों की मरम्मत का कार्य करवाने हेतु प्र0कार्यपालन यंत्री–लोक निर्माण विभाग नगर निगम रतलाम, शासकीय लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से संपेर्क कर रूट की सड़कों का उनके विभाग के सहयोग से कार्य करवायें । साथ ही जहां पर डामरीकरण की सड़क हो वहां डामर से व सीमेंट कांक्रीट की सड़क हो तो सीमेंट कांक्रीट से गड्ढों की मरम्मत करायी जावे व डब्ल्यु.बी. एम. की सड़क हो तो उस अनुसार कार्य करवायें।

11— बंजली हेलीपेड पर जेसीबी लगवाकर क्लीन व लेवलिंग का कार्य करवाया जाय, साथ ही वहां पर झाडू लगवाने की व्यवस्था की जाय ।

भ्रमण के दौरान बंजली हेलीपेड पर पानी की व्यवस्था जलप्रदाय विभाग द्वारा की जावे ।

उपरोक्त कार्य श्री ए.पी. सिंह प्र0स्वच्छता अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य, कर्मशाला व जलप्रदाय विभाग आदि के सहयोग से करवाया जावे ।

12— महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गीत बनाया गया है उसे वार्ड में कचरा संग्रहण हेतु जाने वाले कचरा संग्रहण वाहनों पर बजवाया जावे । उक्त वाहनों पर यह गीत न बजने पर संबंधित वार्ड के प्र0स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा व वाहन चालक पर कार्रवाई की जावेगी ।

13— 10–20 प्रमुख स्थानों पर बैनर/हॉडिंग्स लगवा दिये जाएं उसमें हमारी जितनी भी योजना है जैसे संबल योजना, कर्मकार मंडल में हितग्राही की क्या पात्रता है व क्या–क्या लाभ है, तत्संबंधी बैनर डोसीगांव सभी प्रमुख स्थान, चौराहों पर लगवा दें, आज ही यह कार्य किया जाए व सोमवार से दिखना चाहिएं ।

14— इसी प्रकार प्रमुख–प्रमुख स्थानों पर (दीवार की पट्टी पर) करीब 10 एलईडी लगायी जाए जिसमें हमारे प्रमुख विभाग के अधिकारी का मोबाईल नंबर व प्रमुख योजनाओं की जानकारी होगी चलती रहेगी। यह दो बत्ती, बस स्टैंड, मुखर्जी नगर व बाजार क्षेत्र आदि में लगवायी जाय, इस हेतु ऑफर आज ही ले लिये जाएं व अगले दिन से यह लग जाए यह सुनिश्चित किया जावे ।

15— पीएमएव्हाय के अन्तर्गत ईडब्ल्युएस के 442 ही आवास की तैयारी का कार्य पूरी ताकत से करें ताकि उक्त 442 आवासों में गृह प्रवेश का कार्य करवाया जा सके, जिससे रतलाम नगर का नाम टाप पर होगा। उक्त सभी हितग्राहियों की गृह प्रवेश के अवसर पर 27–1–21 को कार्यक्रम स्थल पर इनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जावे ।

16— राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत श्री कपिल मारोठिया सिटी मिशन मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कई हितग्राहियों द्वारा लोन लेने से मना कर दिया गया है जिस पर उन्हें 100 प्रतिशत लक्ष्य 25 जनवरी 2021 तक पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गए । साथ ही जो हितग्राही योजना का लाभ नहीं लेना चाहते हों तो उनका तत्संबंधी आवेदन लिया जाकर प्रस्तुत किया जावे । साथ ही योजना के हितग्राहियों को 27 जनवरी–21 को डोसीगांव ले जाने का कार्य किया जावे ।

17— इसी प्रकार श्री नितिन तिवारी सिटी मिशन मैनेजर को निर्देश दिये गए कि एनयुएलएम अन्तर्गत सभी समुह का कार्य चालू कर उन्हें पूरी तरह से रोजगार से जोड़ने व रोजगार मूलक योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा लाभ हितग्राहियों को दिलाये जाने का कार्य किया जावे ।

18— शासन की योजनाओं के माध्यम से रोजगार मूलक योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ दिलवायें यह हमारा कर्तव्य भी है वह एक तरह से सेवा होती है जिसमें हम अपने कर्तव्य के साथ पुण्य का कार्य कर रहे हैं ।

19— श्री अंजनीप्रसाद मिश्रा—सहायक राजस्व निरीक्षक को श्रम, श्रम, भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल आदि योजना के अन्तर्गत 50 हितग्राही की (दिनांक 25 दिसम्बर से 25 जनवरी—2021 की अवधि में) स्वीकृति कराकर लाभ वितरण 7 दिन में हो जाय बाबत निर्देश दिये गये ।

20— एनयुएलएम के हितग्राही, श्रम, भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत बी.एल.सी. व ईडब्ल्युएस के हितग्राही तथा निकाय के करीब 1000 कर्मचारी की डोसीगांव कार्यक्रम स्थल पर दिनांक 27—01—2021 को उपस्थिति सुनिश्चित की जाय ।

21— दिनांक 27—01—2021 को डोसीगांव स्थित मा0मुख्यमंत्रीजी के कार्यक्रम स्थल पर आये नागरिकों के "सिटीजन फीडबैक" का कार्य निगम की सहयोगी संस्था ICT आस्था की टीम द्वारा किया जावे तथा इसके अन्तर्गत 10000 लोगों का "सिटीजन फीडबैक" का कार्य किया जावे ।

22— अनुमति प्राप्त किये बिना कोई भी अधिकारी/कर्मचारी मुख्यालय से बाहर नहीं जाये यह सुनिश्चित करें ।

उपरोक्तानुसार बिन्दुओं के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें तथा इसके अतिरिक्त समक्ष में अन्य विषयों के संबंध में दिये गए निर्देशों का भी पालन किया जाना सुनिश्चित करें ।

सही/
(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगरपालिक निगम रतलाम

पृ0क्र0/ 82/50 /नि.स./2021, रतलाम, दिनांक 18 —01—2021

1— कलेक्टर एवं प्रशासक, नगर पालिक निगम—रतलाम की ओर अवलोकनार्थ ।
2— समस्त विभाग प्रमुख, नगर पालिक निगम—रतलाम ।
3— संबंधित सर्व श्री वासुदेव बैरागी टाईम कीपर
की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित ।

16/1/2021
आयुक्त
नगरपालिक निगम.रतलाम